दैनिक भास्कर 13/03/2024

बसंतनाद शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम में सितार व तबले की धुन से कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में संगीत विभाग ने बसंतनाद शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम कराया। इसमें मुख्य कलाकार के तौर पर छत्तीसगढ़ से आए सितार वादक असिस्टेंट प्रोफेसर उमेश कुमार, तबला वादक दिव्यांश ठाकुर व बांसुरी वादक बंटी ने शिरकत की। हरियाणा कला परिषद की ओर से आए विकास शर्मा, संगीत विभाग से डॉ. मनजीत कौर, डॉ. चंद्रपाल पूनिया व तरणवीर सिंह ने सभी कलाकारों का कॉलेज प्रांगण में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कलाकार उमेश कुमार ने सितार, दिव्यांश ने तबला व बंटी ने बांसुरी पर चारुकेशी राग व राग पहाड़ी में धुन सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. मंजीत कौर ने कहा कि हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम से संगीत क्षेत्र में शिक्षा और समृद्धि की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, जिससे सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूती मिलेगी। मौके पर डॉ. नियति, डॉ. नेहा अग्रवाल, प्रियंका, सुषमा व नेहा मौजूद थीं।